ऐसा क्यों होता है ?

ऋतु कन्नौजिया
रूड़की

फूल डाल पर खुल–खुल, खिल–खिल
गंध लुटा मुस्कराता,
उसे तोड़ लेता जब कोई
वह मुरझाता जाता,
ऐसा क्यों होता है ?

मछली जब तक जल में होती
सरसर दौड़ लगाती,
आते ही पानी से बाहर
छटपटाकर मर जाती,
ऐसा क्यों होता है ?

चाँद कभी है घटता–बढ़ता
सूर्य न रूप बदलता,
चाँद कभी छिप जाता पर
हर दिन सूर्य चमकता,
ऐसा क्यों होता है ?

आँखें खोल चला करते वे
चतुर–सयाने ज्ञानी
किसी बात की तह तक जाते,
कहलाते विज्ञानी,
ऐसा क्यों होता है ?

पलकें मूँद जाती आप ही
जब मनुष्य सोता है,
आँसू आ जाते आँखों में
जब भी वह रोता है,
ऐसा क्यों होता है ?